मि०सं०18-1/2021-22/प.पा. स्टूडियो

**हिंदी श्रू कैसेट्स योजना के अंतर्गत वृत्तचित्र / वीडियो कार्यक्रमनिर्माण हेतु खुली निविदा-आमंत्रण**

**खुली निविदा के लिए निर्धारित शर्तें**

- **सामान्य**

1. हिंदी श्रू कैसेट्स योजना के अंतर्गत वृत्तचित्र / वीडियो कार्यक्रम निर्माण डी.ए.वी.पी., सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के नवीनतम वैध पैनल (**Latest Valid Panel**) में सूचीबद्ध दिल्ली/नई दिल्ली स्थित उन फ़र्मों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जा रही हैं जो उक्त भौगोलिक परिसीमा(Geographical Periphery) के अंतर्गत वृत्तचित्र / वीडियो कार्यक्रम का निर्माण कार्य करते हों। इस संदर्भ में डी. ए. वी. पी. का नवीनतम पैनल प्रमाण-पत्र (Latest Valid Empanelment Certificate)ही संलग्न करें।
2. लिफाफे पर 'हिंदी श्रू कैसेट्स योजना के अंतर्गत वृत्तचित्र / वीडियो कार्यक्रम निर्माण हेतु मुहरबंद निविदा' अंकित होना चाहिए। यह निविदा डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से श्री अनिल बी. उप निदेशक एवं प्रभारी,प. पा. विभाग, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड-7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066 के पास दिनांक 17/04/2024को अपराह्न 1:00 तक पहुँच जानी चाहिए। निविदा उसी तिथि को अपराह्न 3 बजे खोली जाएगी।
3. निविदा के आधार पर निर्मित पैनल अनुबंध की तिथि से 1 वर्ष के लिए मान्य होगा।
4. कार्य को योजना अनुसार एवं समय पर संपन्न करने हेतु निदेशालय एक से अधिक फ़र्मों को भी कार्य आबंटित करने को स्वतंत्र है।
5. जिस फ़र्म की निविदा स्वीकृत की जाएगी, उसे कार्य आबंटन की राशि का 10 प्रतिशत बतौर धरोहर राशि निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड-7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066 के पक्ष में बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तुत करना होगा। कृपया नोट करें कि कार्य समाप्ति के दो महीने पश्चात ही उक्त धरोहर राशि वापस की जाएगी।
6. चयनित फ़र्म को सभी इंडोर/आउटडोर शूटिंग कार्यादि स्क्रिप्ट की मांग के अनुरूप भारत में कहीं भी कार्यदिवसों में संपन्न करने होंगे। अतः, वही फ़र्म आवेदन करे जो इस प्रकार से कार्य संपादित करने के इच्छुक हो।

7. वृत्तचित्र / कार्यक्रम कार्य समापन की अधिकतम समय सीमा 30 मिनिट की अवधि की फिल्म के लिए छह महीने निर्धारित की गयी है। अत: केवल वही फ़र्म आवेदन करे जो इस निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य संपन्न क्र मद संख्या 11 में बताई गई सामग्री निदेशालय को सौंपने को इच्छुक हों।
8. वृत्तचित्र / कार्यक्रम कार्य समापन की अधिकतम समय सीमा 30 मिनट की अवधि की फिल्म के लिए छह महीने निर्धारित की गई है। अतः केवल वही फ़र्म आवेदन करे जो इस निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य संपन्न कर मद संख्या 11 में बताई गई सामग्री निदेशालय को सौंपने को इच्छुक हों।
9. निविदाएँ निर्दिष्ट समय पर इच्छुक निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी।
10. निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पास बिना कोई कारण बताए किन्हीं या सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सबसे कम दरों वाली निविदा को मान्यता (स्वीकृति) दी जाएगी, किन्तु यह बाध्यता नहीं है।
11. निविदा में दर का उल्लेख कृपया निर्धारित प्रपत्रके अनुसार ही करें।
12. कार्य समाप्ति के पश्चात फ़र्म द्वारा 30 मिनट की अवधि के कार्यक्रम के लिए निदेशालय को निम्नलिखित सामग्री सौंपनी होगी :-
    - (i) Hard Disk–One in number(containing all sessions/project files)
    - (ii) Hard Disk (Mixed masters of the product) – One in number
    - (iii) Hard Disk (UnMixed) – One in number
    - (iv) All versions of video content including final product must include CHD logo at the end and the duration of the logo may be kept up to 3seconds.
    - (v) Master Pen Drive of each programme in HD format
    - (vi) Replicated Pendrive – 2 of each programme

- **वित्तीय**

13. कार्यक्रम की अवधि 30 मिनट है, अतः इस आधार पर ही कृपया अपनी निविदा में दरों का उल्लेख करें।
14. वृत्तचित्र / कार्यक्रम प्रकृति में विशुद्धत: शैक्षिक है। अमूमन वृत्तचित्र कार्यक्रम 30 मिनट की अवधि वाला होगा तथापि विषय-विशेष की आवश्यकता के मद्देनजर यदि इसकी अवधि में वृद्धि हो जाती है तो भी इस संदर्भ में फ़र्म द्वारा किसी भी प्रकार के अतिरिक्त भुगतान की माँग नहीं की जाएगी। समय-सीमा में यह वृद्धि 5 मिनट तक स्वीकार्य होंगी।
15. निविदा में उल्लिखित दर सभी करों सहित(Inclusive of all Taxes) होगी। अतः इस संदर्भ में फ़र्म द्वारा अलग से किसी भी प्रकार के कर की मांग कदापि स्वीकार्य नहीं होगी।
16. स्क्रिप्ट की आवश्यकतानुसार फ़र्म को एनिमेशन/स्पेशल इफ़ेक्ट्स भी लगाने पड़ सकते हैं, परंतु इसके लिए फ़र्म को अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।
17. **निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सभी निर्णय/आदेश अंतिम, सभी के लिए मान्य एवं बाध्यकारी होंगे।**

**प्रोपराइटर के हस्ताक्षर फ़र्म की मुहर सहित**

## निविदा के लिए निर्धारित प्रपत्र

हिंदी थ्रू कैसेट्स योजना के अंतर्गत वीडियो कार्यक्रम / वृतचित्र निर्माण हेतु खुली निविदा के लिए निर्धारित प्रपत्र वित्तीय वर्ष 2024-2025

| क्र. सं. | विवरण | उल्लिखित खर्च(रुपयों में) |
|---|---|---|
| | | अवधि 30 मिनट निविदा की दर सभी करों सहित |
| | **वृत्तचित्र निर्माण व्यय** (निविदा की दर में उत्पादन हेतु स्क्रिप्ट, फिल्म की शूटिंग, निर्देशक की फीस, कलाकारों की फीस, शूटिंगस्थल खर्च (यदि कोई हो), फिल्म का संपादन, पार्श्व संगीत। इस दर में अंतिम मिश्रण (ऑडियो-वीडियो), शूटिंग के लिए हार्ड डिस्क मास्टर, पेन ड्राइव मास्टर, मास्टर पेन ड्राइव की प्रतिकृति पेन ड्राइव (2)पेन ड्राइव) भी शामिल है। | |

**प्रोपराइटर के हस्ताक्षर फ़र्म की मुहर सहित**

- कृपया नोट करें की उक्त दर सभी करों सहित (Inclusive of all taxes) होगी। कृपया निविदा हमारे निर्धारित प्रपत्र के आधार पर ही दें। अन्य किसी प्रकार के प्रपत्र पर निविदा/निविदा की दर अस्वीकृत मानी जाएगी।
- प्रपत्र के साथ डीएवीपी का नवीनतम वैध पैनल संबंधी प्रमाण-पत्र अवश्य संलग्न करें।
- निदेशालय द्वारा निर्धारित शर्तों पर फ़र्म द्वारा हस्ताक्षरित प्रति भी अपेक्षित है।